
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



चौथी बार ..........


रश्मिका रणबाली से लेकर ...

वर्ष : 12 | अंक : 97 | लखनऊ, 31 मार्च, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

असम में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' में बोले पीएम मोदी, कांग्रेस पर किया हमला

# लोगों को गुमराह करने और सुर्खियां बटोरने कांग्रेस कागजों पर करती थी समझौते, भाजपा के लिए राज्य में शांति बहाली और विकास होगा पहली शर्त

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस सरकार को घेरा

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसमें पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें चुनाव में जीत के लिए कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीते एक दशक में असम में तेज विकास होने की बात भी कही। कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे पहली शर्त शांति है। उन्होंने कहा कि राज्य लंबे समय तक अस्थिता से जूझा है, लेकिन पिछले दशक में चीजें बदल गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सरकार सिर्फ सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने के लिए कागजों

नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की

कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें जीत के लिए कड़ी मेहनत का मंत्र दिया


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रधानमंत्री

### मैं भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा, जीत का भी रिकॉर्ड तोड़िए

पीएम ने यह भी कहा कि सभी लोग असम में भाजपा-एनडीए सरकार की 'हैट्रिक' सुनिश्चित करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मैं भी आप की तरह एक कार्यकर्ता हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, मैं उसे निभाता हूं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से राज्य में प्रसारित हो रहे एआई-जनित वीडियो से लोगों को सतर्क करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि असम में मतदान के रिकॉर्ड टूटेंगे।

### लोगों ने अस्थिरता का लंबा दौर देखा, आज सुरक्षित भविष्य

पीएम मोदी ने कहा कि हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा की आग में जल रहा था। लंबे समय तक अस्थिरता रही, लेकिन पिछले दशक में स्थितियां बदली हैं। आज भाजपा की डबल इंजन सरकार से राज्य में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। कांग्रेस शासन के दौरान शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को भटकने के लिए छोड़ दिया गया। उग्रवादी और छात्र संगठनों के साथ कोई भी समझौता सफल नहीं हुआ। आज सभी सुरक्षित हैं।

### आज गुजरात में करेंगे 19,800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

पीएम मोदी 31 मार्च को गुजरात दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे वाव-थराद से केंद्र और राज्य सरकार के कुल 19,806.9 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे इन परियोजनाओं में भारत सरकार के ऊर्जा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और रेलवे मंत्रालयों के 10,921 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। गुजरात सरकार के शहरी विकास, जल संसाधन, जलापूर्ति, सड़क एवं भवन, जीआईडीसी, स्वास्थ्य, पर्यटन और आदिजाति विकास विभागों के 8,886 करोड़ रुपए के कार्य भी शामिल हैं।

## सुवेंदु ने भरा नामांकन, मंत्री प्रधान भी रहे मौजूद



**बंगाल** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां अपने चरम पर हैं। राज्य में विपक्ष के नेता और भाजपा के कद्दावर नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे। वे इस बार पश्चिम बंगाल की दो प्रमुख विधानसभा सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से चुनाव लड़ रहे हैं। यह ममता का गढ़ है।


तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भरा नामांकन

ममता का तीखा प्रहार

### चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी



मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता ने कहा भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया। ममता ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया।

### पीएमके ने जारी की नामों की अंतिम सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव के लिए पीएमके ने अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। पेरंबूर से कवि एम. तिलगाबामा, धर्मपुरी से सौमिया अंबुमणि, वृद्धाचलम से तमिलरासी अधिमूलम और सलेम पश्चिम से एम कार्ति को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह पेन्नागरम से पाडी वी. सेल्वम, पोलुर से सीआर भास्करन, तिरुपुरूर से वकील के बालू, जयंकोंडम से के. वैथि और सलेम पश्चिम से एस. सदासिवम को टिकट दिया गया है।



भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

### ममता लोगों को धमकी दे रहीं, हाईजैक किया चुनाव

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा। भचुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सुकांत मजूमदार और पीयूष गोयल ने अन्य नेताओं के साथ दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की और याचिका सौंपी।रिजिजू ने कहा कि ममता खुद घर तक जाकर धमकी दे रही हैं। उनकी पूरी

असम में राहुल बोले



## भाजपा को 'छिपी हुई ताकत' बताया, 'एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी केरल दौरे पर सबरीमाला मुद्दे पर चुप रहे। यह भाजपा और एलडीएफ के मिलकर काम करने का संकेत है। भाजपा यूडीएफ को नहीं चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से लड़ने वालों पर हमला होता है। राहुल ने बताया कि उन पर 36 मामले हैं। एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट है, लेकिन भाजपा का उन पर कोई दबाव नहीं है। वे छिपी ताकत हैं।

### पीएम कंप्रोमाइज्ड हो गए

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी एक कंप्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री हैं। अमेरिका-भारत समझौते के डिटेल देखने पर साफ हो जाएगा कि कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इसे तब तक नहीं साइन कर सकता जब तक वह कंप्रोमाइज्ड न हो। आज भारत अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद सकता।

## खबर संक्षेप

### बेकाबू बस पुल से गिरी, 10 यात्री घायल

**शिवमोग्गा।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया और कई लोगों की जान बच गई। एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पुल से नीचे जा गिरी। जब ये हादसा हुआ तब इस बस में 40 से अधिक लोग सवार थे। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। हादसे में 10 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।



### भगवान श्रीराम का रामराज्य समरसता सिद्धांत पर आधारित था- डॉ रंजय कुमार सिंह

मुंबई। भांडुप स्थित सरस्वती हाई स्कूल तुलशेटपाड़ा में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम के आदर्श स्वरूप पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में संयुक्त शिक्षक संघ, अखिल भारतीय नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नासिक परिसर, राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ रंजय कुमार सिंह ने कहा कि सृष्टि की संरचना को आत्मसात करने वाला सत्य सनातन हिन्दू एक जीवनोपयोगी धर्म है। इस धर्म की अनादि परम्परा में भगवान श्रीराम का चरित्र केवल एक कथा या धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के सर्वोच्च आदर्श का जीवंत उदाहरण है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है, जिसका अर्थ है वह पुरुष जिसने जीवन की प्रत्येक मर्यादा का पूर्ण और सर्वोत्तम पालन किया। उनका जीवन इस सत्य स्वरूप को स्थापित करता है कि मनुष्य यदि धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर अडिग रहे, तो वह स्वयं को उच्चतर स्तर प्राप्त कर सकता है।

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी

# दिवालियापन प्रक्रिया में तेजी से होगा समाधान दुरुपयोग रोकने के लिए किया दंड का प्रावधान

## डिफॉल्ट साबित होने के बाद आवेदन 14 दिन में किया जाना अनिवार्य किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

लोकसभा ने सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य दिवालियापन प्रक्रिया में गई कंपनियों के मामलों का तेजी से समाधान करना है। इस विधेयक में कंपनी के डिफॉल्ट साबित हो जाने के बाद दिवालियापन के आवेदनों को स्वीकार करने के लिए 14 दिनों की अनिवार्य समय सीमा निर्धारित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक में 12 संशोधन प्रस्तावित किए हैं ताकि समाधान तंत्र को और मजबूत किया जा सके। आईबीसी समाधान में देरी का मुख्य कारण व्यापक मुकदमेबाजी है और आईबीसी विधेयक में प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने दंड का प्रावधान है। आईबीसी ने बेहतर ऋण अनुशासन में योगदान दिया है और कंपनियों की क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार किया है। दिवालियापन समाधान प्रक्रिया से बाहर आने के बाद कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने विधेयक पर कहा



### यह बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में अहम

सीतारमण द्वारा पेश किए गए विधेयक पर लोकसभा में 27 मार्च को चर्चा हुई थी। यह विधेयक, जिसे पहले एक चयन समिति को भेजा गया था, कंपनी या व्यक्ति की दिवालियापन संबंधी मामलों के निपटारे में होने वाली देरी को दूर करने के लिए लाया गया है। सीतारमण ने सदन में कहा कि दिवालियापन संहिता (आईबीसी) ने बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कानून का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली तंत्र के रूप में कार्य करना नहीं था।

### कंपनियों को बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, जो 2016 में लागू हुई, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य में सुधार का एक प्रमुख कारक रही है। इस ढांचे ने कंपनियों को समय के साथ बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद की है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य संकटग्रस्त संपत्तियों का समाधान करना है, न कि केवल बकाया राशि की वसूली करना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईबीसी व्यवहार्य व्यवसायों को बचाने और उद्यम मूल्य को संरक्षित करते हुए वित्तीय संकट को दूर करने का एक ढांचा है। आईबीसी का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली का साधन बनना नहीं था।

राज्य सभा में बोले 'नेता' नड्डा

### विपक्ष को न बहस में रुचि, न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान

राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बहस में रुचि है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय प्रक्रियाओं के प्रति कोई सम्मान है। विपक्षी दलों का आचरण यह दर्शाता है कि उन्हें संविधान और संसद की कार्यवाही के नियमों का भी आदर नहीं है। वह बहस में भाग लेना नहीं चाहती।



### सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार, विपक्ष बच रहा

नड्डा ने कहा कि यह विपक्ष का यह व्यवहार इस बात का संकेत है कि विपक्ष को लोकतांत्रिक और संसदीय प्रक्रियाओं में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष बहस से बचने का प्रयास कर रहा है। कुछ दल वोट बैंक की राजनीति से जुड़े हैं।

### कांग्रेस ने नक्सलवाद को पाला-पोसा: पात्रा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कांग्रेस पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि संप्रग के शासनकाल में अगर कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा द्वारा शुरू सलवा जुडूम जैसे आंदोलन को रोका न गया होता तो नक्सलवाद न होता।



प्रियंका ने सरकार से किए सवाल

### पश्चिम एशिया संकट पर राजनीति नहीं समाधान चाहिए, उस पर बहस हो

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्रीपर निशाना साधते हुए कहा कि युद्ध के मुद्दे पर राजनीति करना सही नहीं है। उन्होंने पूछा कि खाड़ी में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सरकार का क्या प्लान है। प्रियंका कहा लोगों की जान खतरे में है क्योंकि ऊपर से बम बरस रहे हैं।



बिहार राजनीति में ऐतिहासिक मोड़

# सीएम नीतीश व नबीन ने दिया इस्तीफा, दोनों जाएंगे राज्यसभा

### सभापति को सौंपा इस्तीफा


नीतीश कुमार


नितिन नबीन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सीएम हाउस से ही सभापति अवधेश नारायण सिंह को रिजाइन सौंप दिया। साल 2006 से नीतीश लगातार विधान परिषद के सदस्य थे। अब माना जा रहा है कि जल्द ही बिहार में नई सरकार का गठन किया जाएगा। इस बीच जेडीयू नेताओं का मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचना लगातार जारी रहा। रविवार शाम को भी कई जेडीयू नेता उनसे मिलने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि वह 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं। बिहार में 10 बार मुख्यमंत्री रहे नीतीश का संसदीय और विधायी सफर काफी व्यापक रहा है। अब 2026 में वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित होकर एक बार फिर राष्ट्रीय संसद में पहुंचे हैं।

### नबीन का सोमवार को इस्तीफा मंजूर

उधर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी विधायक पद से इस्तीफे का ऐलान सोशल मीडिया पर कर दिया है। वह बांकीपुर से विधायक थे। नीतीश के साथ उन्हें भी राज्यसभा चुनाव में जीत मिली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर से विधायक नितिन नबीन आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सरावगी ने बताया कि नितिन ने अपना इस्तीफा उन्हें रविवार को ही सौंप दिया था, जिसे वे आज बिहार विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा? उन्होंने कहा कि रविवार होने के कारणऔपचारिक रूप से इस्तीफा नहीं दिया जा सका। फिलहाल, नितिन असम दौरे पर हैं, इसलिए उन्होंने प्रक्रिया में देरी न हो, इसके लिए पहले ही इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को दे दिया था। तय समय के भीतर उनका इस्तीफा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया गया।

### यहां होगा भाजपा सीएम, जेडीयू से 2 डिप्टी सीएम

नीतीश के इस्तीफे के बाद अब नए मुख्यमंत्री का नाम तय करने को ले एनडीए में मंथन शुरू है। संभावना है कि खरमास के बाद 15 अप्रैल तक बिहार में नई सरकार अस्तित्व में आ जाएगी। एनडीए के घटक दल हम के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी का नाम लिया था इस बात की पूरी संभावना है कि भाजपा के किसी नेता के मुख्यमंत्री पद की शपथ के साथ ही जदयू कोटे से दो उप मुख्यमंत्री का भी शपथ होगा। इनमें विजय चौधरी व नीतीश के पुत्र निशांत के नाम की खूब चर्चा है।

# फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को धुरंधर बनायेगी सरकार

अमन लेखनी समाचार

- जेल विभाग से एमओयू से छात्र जेलों में जाकर कर सकेंगे बंदियों की केस स्टडी
- केजीएमयू जाकर छात्र पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया का करेंगे अध्ययन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) के विद्यार्थियों को फॉरेंसिक की फील्ड में धुरंधर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार फॉरेंसिक की दिग्गज यूनिवर्सिटी से एमओयू साइन करने जा रही है। यह एमओयू यूपीएसआईएफएस और चार विभिन्न संस्थानों के बीच होगा। इसमें महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इन संस्थानों के साथ सहयोग से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को इंटर्नशिप, रिसर्च और प्रैक्टिकल एक्सपोजर के व्यापक अवसर मिलेंगे। इससे जहां एक ओर छात्रों को व्यावहारिक और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ के रूप में तैयार करना है।

यूपीएसआईएफएस के डायरेक्टर जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फॉरेंसिक साइंस के छात्रों को ह्यजॉब रेडीह्व बनाना चाहते हैं। अब तक फॉरेंसिक शिक्षा में थ्योरी का दबदबा ज्यादा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पर विशेष फोकस है। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसआईएफएस चार विभिन्न संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमओयू करने जा रहा है। इन एमओयू के जरिए छात्रों को केस स्टडी, पोस्टमार्टम प्रक्रिया, मेडिकल-लीगल पहलुओं और अपराध अनुसंधान के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का मौका मिलेगा।

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ होने वाले समझौते के तहत यूपीएसआईएफएस के छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पोस्टमार्टम की बारीकियों को करीब से समझ सकेंगे। इसमें पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया का अध्ययन शामिल होगा। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी घटना में मौत किन परिस्थितियों में हुई और वैज्ञानिक तरीके से उसका विश्लेषण कैसे किया जाता है। यूपीएसआईएफएस के डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ एमओयू से छात्रों को जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करने का मौका मिलेगा। छात्र यह जान सकेंगे कि बंदियों के मामलों में जमानत कैसे होती है, जेल का वातावरण कैसा होता है और अपराध के पीछे सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारण क्या होते हैं। यह अनुभव उन्हें अपराध की जड़ों को समझने में मदद करेगा, जो एक फॉरेंसिक एक्सपर्ट के लिए बेहद जरूरी है। वहीं, महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखपुर के साथ एमओयू से दोनों संस्थानों के छात्रों को इंटरशिप के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही दोनों संस्थानों के फैकल्टी मेंबर दोनों संस्थानों में अपने लेक्चर दे सकेंगे।

वहीं आगे चलकर, दोनों संस्थान मिलकर फॉरेंसिक साइंस की एक ज्वाइंट लैब भी स्थापित करेंगे। इस लैब में अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए अनुसंधान और परीक्षण किए जाएंगे। इससे न केवल छात्रों को नई तकनीकों का ज्ञान मिलेगा, बल्कि राज्य में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत होगा। धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी, गांधीनगर के साथ एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे।

यूपीएसआईएफएस के छात्र वहां जाकर इंटर्नशिप कर सकेंगे, जबकि धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी के छात्र लखनऊ आकर फॉरेंसिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास बात यह भी है कि केवल छात्र ही नहीं, बल्कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर दे सकेंगे। इससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों को विविध विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा।

यह पहल डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम होगा।

# खिलाड़ी हमारी धरोहर, इनकी समस्या का जल्द निस्तारण करायें

अमन लेखनी समाचार



- पीड़ितों की समस्याओं का उचित समाधान सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं, सभी के प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है।

उन्नाव के बांगरमऊ से आईं ममता तिवारी ने सीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए कुछ लोगों पर मंदिर कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कब्जा करने वाले लोग मंदिर में पूजा भी नहीं करने दे रहे हैं। सीएम योगी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक को उचित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। बदायूं से आए एक किसान ने बताया कि कुछ लोगों ने उनकी फसल नष्ट कर दी, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हो रही। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बलरामपुर से आए एक फरियादी ने बताया कि गांव की सड़क बहुत खराब है। ग्राम प्रधान कई वर्षों से इसका निर्माण नहीं होने दे रहे हैं, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस पर सीएम ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर ग्रामीणों से बातचीत करें। स्थिति का खुद आकलन करें और सड़क निर्माण कराएं। जनता दर्शन में पहुंचे फरुर्खाबाद निवासी एक खिलाड़ी ने भी सीएम के समक्ष अपनी बात रखी। बताया कि वह निशानेबाज हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक भी जीत चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से लाइसेंस दिलाने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि खिलाड़ी हमारी धरोहर हैं। इनके प्रार्थना पत्र का संज्ञान लें और उचित कार्रवाई कराएं। जनता दर्शन में जमीन व पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रकरणों से जुड़े प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को यथोचित कार्रवाई का आदेश दिया। लखनऊ से आए एक फरियादी ने अवैध कॉलोनी से जुड़ा मुद्दा उठाया, जिस पर सीएम ने आवास आयुक्त को संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। कुछ जनपदों से आए फरियादियों ने सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत की तो कुछ लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। सीएम योगी ने ऐसे तमाम मामलों पर कार्रवाई का निर्देश देते हुए पीड़ितों की संतुष्टि पर विशेष जोर दिया। सरोजिनी नगर से आए एक फरियादी ने जमीन कब्जाने व बाउंड्रीवाल तोड़ने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम सरोजिनी नगर को मामले के निस्तारण का निर्देश दिया गया।

# कच्ची दीवार के नीचे दबने से वृद्ध महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतका देवी देई फाइल – फोटो

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसे में कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। माल क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी स्व. जियालाल की पत्नी देवीदेई (75) सोमवार रात करीब 9:30 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर कच्ची दीवार के सहारे रखे छप्पर के नीचे बैठी थीं। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई, जिससे वह मलबे में दब गईं। परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मलबा हटाया और महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतका के तीन बेटे थे। इनमें से एक बेटे पप्पू की कुछ वर्ष पहले फांसी लगाकर मौत हो चुकी है, जबकि दूसरे बेटे बबलू की तालाब में डूबने से जान चली गई थी। वर्तमान में उनका बेटा अयोध्या मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। वृद्धा अपने पोते-पोतियों के साथ रह रही थीं।

# दरवाजे पर पानी गिरने के विवाद में महिला से मारपीट, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



घायल अवस्था में मीना

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में महिला से मारपीट, दरवाजे पर पानी गिरने को लेकर शुरू हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद के गौंदा मोज्जमनगर निवासी मीना पत्नी कमल किशोर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी छोटी बेटी से दरवाजे के पास पानी गिर गया था। इसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाली छाया और उसके पति रघुवीर ने आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर छाया ने मीना के चेहरे पर दांत से काट लिया और नाखूनों से हमला कर दिया, जिससे उनके चेहरे व शरीर पर कई चोटें आईं। पीड़िता किसी तरह मौके से जान बचाकर भाग निकलीं। जाते समय आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से उन्हें अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# आमने-सामने डंपरों की टक्कर, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल



घायल सुशील फोटो



शैलेंद्र का इलाज करते हुए डॉक्टर

- अटारी के पास वेदांता हॉस्पिटल के नजदीक हादसा, केबिन काटकर निकाले गए घायल चालक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल-अतरौली मार्ग पर सोमवार को अटारी के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों चालकों को गंभीर चोटें आईं। जानकारी के अनुसार, कानपुर देहात जनपद के सिकंदरपुर लदपुरवा निवासी चालक सुशील अपने परिचालक जयवीर के साथ संडीला से मौरंग लादकर रहीमाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही डंपर माल के अटारी स्थित वेदांता हॉस्पिटल के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे खाली डंपर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में सामने वाले डंपर के चालक, महोबा जनपद के उरबारा श्रीनगर निवासी शैलेंद्र भी घायल हो गया। टक्कर के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद केबिन की खिड़कियां काटकर दोनों चालकों को बाहर निकाला गया। इसके बाद घायलों को तत्काल नजदीकी वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों चालकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# सड़क हादसे में मैनेजर की इलाज के दौरान मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक, जो प्लाई बोर्ड कंपनी में मैनेजर था, की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद के सैफलपुर निवासी फूलचंद यादव का पुत्र संदीप यादव (26) आलमबाग स्थित श्री श्याम प्लाई बोर्ड कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और परिवार के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे संदीप अपने एक साथी के साथ बाइक से आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा की सर्विस लेन के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। दूसरे युवक की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने हुए थे। टक्कर के बाद संदीप सिर के बल सड़क पर गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई, जो उसकी मौत का कारण बनी। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी के माध्यम से वाहन की तलाश में जुटी है।

# किसान महापंचायत का शक्ति प्रदर्शन, आठ सूत्रीय मांगों पर गरजे किसान

- ट्रॉमा सेंटर, बंद कॉलेज भवन और नगर पंचायत दर्जे की मांग को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राकेश सिंह चौहान

लखनऊ। किसानों की आवाज से गूंज उठा क्षेत्र, जब भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के बैनर तले आयोजित महापंचायत ने जनसैलाब का रूप ले लिया। दूर-दराज जनपदों से पहुंचे किसानों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सोमवार सुबह से ही पंचायत स्थल पर किसानों का जुटना शुरू हो गया था, जो दोपहर तक भारी भीड़ में तब्दील हो गया। मंच के सामने खड़े किसानों के उत्साह और नारों ने पूरे माहौल को आंदोलनकारी रंग दे दिया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान का भव्य स्वागत किया गया, जिससे कार्यकताओं में खासा जोश देखने को मिला। महापंचायत में उठी प्रमुख मांगों में माल-मलिहाबाद मार्ग के बीच 100 बेड के ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, माल स्थित राजकीय उदा देवी बालिका इंटर कॉलेज की वर्षों से बंद पड़ी इमारत को चालू कराना और माल को नगर पंचायत का दर्जा दिलाना शामिल रहा। इन मांगों को लेकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मलिहाबाद अंकित कुमार को सौंपा गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने कहा कि संगठन किसानों के हक की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन तेज करेंगे। वहीं, जिलाध्यक्ष अतुल कुमार ने किसानों से एकजुटता बनाए रखने का आह्वान करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया। महापंचायत में अर्जुन सिंह, राघवेंद्र त्रिवेदी, प्यारे लाल रावत समेत विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अपहरण, मारपीट व लूटपाट के बाद अश्लील वीडियो बनाकर दी जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बदमाशों ने युवक का अपहरण कर न सिर्फ मारपीट और लूटपाट की, बल्कि अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का भी प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। माल के पीरनगर निवासी शिवा शर्मा ने माल थाने में दी गई शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। तभी माल निवासी शेरा का फोन आया, जिसने पहले दिए गए 55 हजार रुपये लौटाने के बहाने उन्हें एक ओयो होटल पर बुलाया। जब वह वहां पहुंचे तो शेरा नहीं मिला, जिसके बाद उसे नई बस्ती आने के लिए कहा गया। पीड़ित के अनुसार, नई बस्ती पहुंचते ही वहां पहले से खड़ी एक काली स्कॉर्पियो के पास मौजूद शेरा ने अपने साथियों को ललकारते हुए उन्हें पकड़ने के लिए कहा। आरोप है कि इसके बाद शनि उर्फ सत्या (नारायणपुर), अनुभव तिवारी (माल), करन सिंह (गौरैया, माल) व दो अज्ञात लोगों ने शिवा शर्मा और उनके साथी रंजीत साहू के साथ मारपीट की और जबरन आंखों पर पट्टी बांधकर स्कॉर्पियो में बैठाकर अपहरण कर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने हाथ-पैर बांधकर दोनों को बेरहमी से पीटा और मोबाइल फोन के जरिए यूपीआई से पैसे ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद एक युवती को बुलाकर जबरन आपत्तिजनक वीडियो बनाया गया तथा हाथों में असलहा देकर वीडियो रिकॉर्ड किया गया। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो वीडियो वायरल कर जान से मार देंगे। पीड़ित ने बताया कि कई घंटों तक बंधक बनाए रखने के बाद आरोपियों ने उनके मोबाइल से परिचित को फोन कर एक लाख रुपये की मांग की। रविवार रात करीब 10:30 बजे दुबग्गा स्थित प्रेरणा स्थल गेट नंबर-1 पर रुपये पहुंचाने को कहा गया। परिजनों द्वारा रुपये देने के लगभग एक घंटे बाद आरोपियों ने शिवा को जॉगर्स पार्क के पीछे छोड़ दिया। जाते समय आरोपी पीड़ित की बाइक और तीन मोबाइल फोन भी छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सर्विलांस टीम की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात मामूली बात को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई के ऊपर सोते समय रॉड से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के खाण्डे देव निवासी पुत्ती लाल गौतम की करीब 8 वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पुत्तीलाल की पत्नी यशोदा अपने तीन बेटों श्रवण (30), मानसिक कमजोर वीरेंद्र उर्फ अटल (26) और आलोक उर्फ गोलू (22) के साथ रहती है। जबकि यशोदा की दो बेटी कंचन और किरन की शादी हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 9:30 बजे सभी लोग घर में बैठकर खाना खा रहे थे। तभी शराब के नशे में धुत श्रवण और आलोक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हालांकि उस दौरान सभी लोगों ने उन्हें समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद श्रवण छत के ऊपर सोने चला गया, जबकि आलोक नीचे कमरे में सो गया और माँ बाहर बैठी थी। तभी रात करीब 11 बजे श्रवण अचानक नीचे उतरा और घर में रखे लोहे के रॉड से सोते समय आलोक के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।जिससे लहू लुहान होकर आलोक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी सोमवार सुबह मां यशोदा को तब हुई, जब वह आलोक को जगाने उसके कमरे में गई। वहां का दृश्य देखकर यशोदा के होश उड़ गए और वह चीखने चिल्लाने लगी। आलोक अपने बिस्तर पर लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। बाद में यशोदा ने पड़ोसियों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पुलिस ने यशोदा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी श्रवण को घटना में इस्तेमाल किए गए लोहे की रॉड सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं आरोपी और मृतक दोनों मजदूरी करते थे।

# एसीपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की करी जांच

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस ने पैदल गश्त अभियान चलाया। सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर रजनीश वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम और एसएसआई नाज़िम खान पुलिस बल के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे। इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की गई। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। अभियान के तहत सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर जाम की स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। दुकानदारों और ठेला संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि वे सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा न करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि इस तरह की गश्त आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# संचारी रोग अभियान को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक में हुई महत्वपूर्ण बैठक

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।संचारी रोग अभियान को लेकर गोसाईगंज सीएससी अधीक्षक डॉक्टर मेजर सुरेश पांडे की अगुवाई में महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण यादव, एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, जेएसआई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कीर्ति शुक्ला, कर्मचारी महामंत्री ललित कुमार व प्रशांत सक्सेना व सिनर्जी संस्था से नावेद सहित सभी पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू सहित ग्राम प्रधान जगरूप सिंह, राम सिंह, शैलेंद्र कुमार वर्मा उर्फ हीरा सिंह, राम प्रसाद व पंचायत सचिव स्तुति सिंह, रवि पांडेय मनोज गुप्ता, राकेश यादव, सीमा यादव, रजनी, सुचेता, अभय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह अभियान 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। शुभारंभ 1 अप्रैल को गांव में रैली निकाल कर किया जाएगा। 0 से 5 साल तक के वीएबी परिवारों पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण यादव ने इस बारे में विस्तार जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष के किशोरियों को एचपीवी वैक्सीनेशन हेतु सर्वाइकल कैंसर से बचने हेतु कराया जाएगा। अप्रैल माह में यह वैक्सीनेशन सीएचसी पर प्रारंभ होगा। इसके लिए आधार व मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल ने अभियान को लेकर सभी पंचायत सचिवों ग्राम प्रधानों को सख्त निर्देश देते हुए समय से रोस्टर के मुताबिक साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

# समाधान दिवस डीएम व एसपी ने लोगों की सुनी शिकायतें, दिया निर्देश, थाने का किया निरीक्षण

गाजीपुर जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां राजस्व व पुलिस विभाग ने लोगों की शिकायतें सुनीं। इसी क्रम में बिरनो थाने में जिलाधिकारी अविनाश कुमार व एसपी डॉ. ईरज राजा पहुंचे और आमजन की समस्याएं सुनीं। डीएम व एसपी के आने का पता चलने पर बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने उपस्थित राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# संक्षेप

## पिकअप लोडर की टक्कर से बाइक सवार मासूम समेत तीन घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार कुरसठ तियर माइनर पटरी पर पिकअप लोडर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी थाना क्षेत्र के बीरम पुर गांव निवासी चंदन पुत्र राम सेवक रिश्तेदार अमन पुत्र प्रदीप व कनक को छोडने के लिए बयारी गांव जा रहा था कुरसठ तियर माइनर पटरी पर तियर गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे अनियंत्रित पिकअप लोडर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से मासूम कनक सहित तीन लोग घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने चंदन की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से भाग निकला।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गंगा खेड़ा में एक सत्रह वर्षीय किशोरी का शव कमरे के अंदर धन्नी में रस्सी के सहारे झूलता मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गंगा खेड़ा निवासी रामदेव वर्मा की 17 वर्षीय पुत्री नेहा का शव सोमवार की सुबह घर अंदर कमरे में धन्नी के सहारे रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला है।मृतका के पिता रामदेव ने बताया कि वह सुबह चार बजे ईट भट्टा पर मजदूरी करने जाता है। रोज की तरह बेटी ने उसे खाना बनाकर दिया था सुबह सात बजे जब मां गुड्डी सो कर उठी तो फंदे से नेहा का शव लटका देख चीख निकल पड़ी ।फोन से सूचना मिलने पर हम भट्ठे से वापस घर आए और यहां बेटी का शव फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी है ।मृतका चार बहन दो भाइयों में सीता ,राधिका, शारदा के अलावा दो भाई कृष्ण,व विष्णु में सबसे बड़ी थी । घटना के बाद सभी का रो रो कर बुला हाल है । परिजन आत्म हत्या करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पा रहे है।एस ओ बृजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि पिता ने बेटी की मौत की सूचना दी है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## वाहन कागजात डीएल न दिखाने पर पुलिस ने की कार्यवाही

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस गस्त के दौरान बीघापुर अंडरपास के पास सार्वजनिक स्थान पर वाहन चेकिंग के दौरान पीछे नंबर प्लेट नहीं मिली युवक से पूछताछ में उसके पास डी एल वाहन के कागजात नहीं दिखा पाने पर पुलिस ने वाहन को सीज कर युवक को अपनी हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की पूछताछ में युवक ने अपना नाम रामजी पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम जंगली खेड़ा थाना बीघापुर जनपद उन्नाव बताया पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में ले कर कानूनी कार्रवाई की।

# तीन होनहार युवाओं ने यूपीपीसी के परीक्षा उत्तीर्ण कर बने अफसर क्षेत्र का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के तीन युवाओं ने यू पी पी सी एस परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र और गांव का नाम रोशन किया है ।उनकी सफलता से उनके गांवों मे जश्न का माहौल है । क्षेत्र के गांव पनई बुजुर्ग निवासी नितिन सिंह चौहान ने यू पी पी सी एस 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ट्रेजरी अफसर बने है । नितिन ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा आर आर बी एन इण्टर कालेज से 2012 में उत्तीर्ण कर सेना मे भर्ती हुए थे ।वर्ष 2022 मे सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त लेने के बाद 2024 की यू पी पी सी एस परीक्षा उत्तीर्ण कर ट्रेजरी अफसर बने ।नितिन के पिता कैप्टन योगेन्द्र सिंह चौहान भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त है मां करुणा देवी गृहणी है । वही कस्बा भगवन्तनगर निवासी अंशुमान कुमार पुत्र राम सिंह ने यू पी पी सी एस परीक्षा



उत्तीर्ण कर कामर्शियल टैक्स अफसर बने । अंशुमान की प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती ज्ञान मंदिर भगवंत नगर ,एवं हाई स्कूल की परीक्षा लाल बहादुर पब्लिक स्कूल भगवंत नगर,उन्नाव से प्रथम बैच२०१० में टॉप कर उत्तीर्ण की थी ।इंटरमीडिएट परीक्षा गोंडा जनपद से वर्ष २०१२ में देवीपाटन मंडल में तीसरा स्थान प्राप्त कर टॉप किया था ।बिहार पीसीएस २०२४ बैच में साक्षात्कार दे चुके अंशुमान परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे है ।वर्तमान समय में जनपद हरदोई मे ग्राम विकास अधिकारी पद पर कार्यरत है ।इनके पिता राम सिंह पूर्व पी ई एस अधिकारी रहे है जो डायट प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त है ।मां निशारानी सिंह गृहणी है ।नितिन कुमार पटेल, जो उन्नाव जिले के बीघापुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रग्घूखेड़ा के निवासी हैं, का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है।उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।नितिन एक साधारण किसान परिवार से आते हैं।उनके पिता सुरेश कुमार पहले एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे और अब किसान हैं। नितिन ने अपनी शिक्षा और कड़ी मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल की है। इससे पहले, नितिन कुमार भारतीय वायु सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वायु सेना में रहते हुए भी उन्होंने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और अब उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों की सेवा करने का अवसर मिला है।नितिन अपने तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़े हैं।उनके छोटे भाई विपिन वर्तमान में भारतीय रेल सेवा में कार्यरत हैं। तीनो युवाओं के चयन होने पर क्षेत्रीय लोगों ने उनके घर पहुंच कर बधाई दी है ।उनके चयन पर दिलीप कुमार सिंह प्रधानाचार्य , धन बहादुर सिंह , सुन्दर लाल बाजपाई , आशुतोष सिंह एडवोकेट , रुद्र सिंह,अनिल सिंह चौहान , संजय भदौरिया ,भोले प्रधान,प्रकाश सिंह, पिन्टू सिंह प्रधान , दिनेश दीक्षित,संजय तिवारी , नागेश सिंह चौहान , योगेश बाजपेयी,बैजनाथ सिंह दीपक नारायण सोनी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है ।

# नवनिर्मित कार्यालय के भवनों का किया गया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों और बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सफीपुर विधायक बम्बा लाल दिवाकर, जिलाधिकारी गौरांग राठी और मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ से ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जनपदों के साथ उन्नाव में भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा जनपद उन्नाव के कुल 194 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास तथा 31 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, हिलौली और बिछिया विकासखंड में निर्मित दो सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) कार्यालय भवनों का भी लोकार्पण किया गया। वहीं, गंज मुरादाबाद, सफीपुर, सुमेरपुर, हसनगंज, औरास तथा फतेहपुर-84 विकासखंडों में छह नए सीडीपीओ कार्यालय भवनों का शिलान्यास भी किया गया।विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सफीपुर विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने शिलापट्ट का अनावरण कर योजनाओं की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया और उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाकर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर पोषण और सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्रों और कार्यालय भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जनपद में आंगनबाड़ी सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# मेधावी छात्र छात्राओं हेतु अभिनंदन समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में मेधावी छात्र-छात्राओं हेतु अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा लक्ष्मी वर्मा एवं भाजपा नेत्री चन्द्रकान्ता जोशी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका प्रतिभा मिश्रा एवं समस्त स्टाफ द्वारा मेधावी बच्चों के साथ उनके माता-पिता को भी मंच पर सम्मानित किया गया। प्रधान शिक्षिका ने कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ अभिभावकों का भी बड़ा योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों



का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जिले में प्रशासन ने अवैध कब्जों और भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुरवा तहसील के नगर पंचायत मौरावां क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर कब्जा जमाने वाले भूमाफिया पर बुल्डोजर चलाया गया। इस कार्रवाई में लगभग ढाई करोड़ रुपये मूल्य की 9 बिस्वा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार, इसरार अहमद गाटा संख्या 2382 और 2277 की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से पक्की नींव खड़ी कर प्लाटिंग कर रहा था। आरोप था कि वह इस सरकारी भूमि को निजी संपत्ति की तरह बेचने की तैयारी में था। शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने जांच की, जिसमें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। इसके बाद एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव ने संबंधित व्यक्ति को कब्जा हटाने के लिए सख्त नोटिस जारी किया। चेतावनी के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। अवैध निर्माण न हटाए जाने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया। सोमवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बुल्डोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान तहसीलदार मनीष द्विवेदी और नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी भी मौजूद रहे ।प्रशासन ने करीब 9 बिस्वा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपये है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार अभियान चलाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अवैध कब्जाधारकों में भी खलबली मच गई।

# डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया समापन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।मियागंज ब्लॉक स्थित कादिरपुर गांव में आयोजित डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया।फाइनल मुकाबले में कादिरपुर इलेवन ने आसीवन क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में सफीपुर, आसीवन, हसनगंज, कादिरपुर, मियागंज, कुरसठ, गौरिया कला और नई बस्ती सहित कुल 16 टीमों ने भाग लिया। दूसरे दिन हुए मैचों के बाद सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।पहले सेमीफाइनल में आसीवन और बारी थाना के बीच मैच टाई रहा, जिसके बाद सुपर ओवर में आसीवन क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में कादिरपुर इलेवन ने कुरसठ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच आसीवन और कादिरपुर के बीच खेला गया। आसीवन के कप्तान अपसार अली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 4 ओवर में पांच विकेट खोकर 31 रन बनाए। जवाब में, कादिरपुर की टीम ने कप्तान मोहम्मद फरीद, आमिर और निसार की शानदार पारियों की मदद से 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।इस मैच में निसार अली को 'मैन ऑफ द मैच' और कप्तान मोहम्मद फरीद को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। आयोजक कमेटी के वैस खान, जैनुल आबदीन, इबादुर्रहमान खान, समीर, साहिल मंसूरी और आसिफ ने विजेता टीम कादिरपुर इलेवन को ट्रॉफी के साथ 7 हजार रुपये नकद और उपविजेता आसीवन क्रिकेट क्लब को ट्रॉफी के साथ 3.5 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किए।

# हाथ में चोट चिकित्सक ने हाथ से लेकर पीठ व पेट तक चढ़ा दिया प्लास्टर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां 7 वर्षीय बच्चे के हाथ में फ्रैक्चर होने पर डॉक्टर ने हाथ से लेकर पीठ और पेट तक प्लास्टर चढ़ा दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, माखी थाना क्षेत्र के गुलाबखेड़ा गांव निवासी 7 वर्षीय अनुज साइकिल चलाते समय गिरकर घायल हो गया था।उसके हाथ में गंभीर चोट आई, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए शहर के मुस्कान हॉस्पिटल ले गए। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने सामान्य प्लास्टर के बजाय बच्चे के हाथ से लेकर पीठ और पेट तक बड़ा प्लास्टर कर दिया ।घर लाने पर परिजनों ने देखा कि हाथ में फ्रैक्चर होने के बावजूद शरीर के बड़े हिस्से पर प्लास्टर चढ़ा दिया गया है। परिजनों के अनुसार, प्लास्टर के कारण बच्चे को बैठने, उठने और सोने में काफी परेशानी हो रही है। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना उचित जानकारी दिए जल्दबाजी में यह प्लास्टर किया।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने डॉक्टर की कार्यशैली पर सवाल उठाए।वहीं, यूपी कांग्रेस ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर निशाना साधा। पार्टी ने लिखा, ₹हाथ टूटा तो पेट-पीठ पर प्लास्टर... गजब का स्वास्थ्य मॉडल है उत्तर प्रदेश का।₹घायल बच्चे की बहन मानसी ने बताया कि प्लास्टर लगने के बाद से बच्चा बहुत परेशान है।परिवार को समझ नहीं आ रहा कि हाथ की चोट में इतना बड़ा प्लास्टर क्यों किया गया।परिजन अब बच्चे का दोबारा इलाज कराने की तैयारी में हैं।हालांकि, इस मामले में अस्पताल प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लापरवाही साबित होती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# कार्यवाही को लेकर भारतीय किसान संगठन के कार्यकताओं ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बीते 9 मार्च को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन, जो बीए की छात्रा है, लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित कॉलेज में पढ़ने गई थी। वापस लौटते समय मलिहाबाद गांव निवासी दिवाकर उसे अपहरण कर ले गया। इस मामले में किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही थी,किशोरी के भाई का आरोप है कि विवेचक रामौतार 21 दिन बीत जाने के बाद भी न तो आरोपी को गिरफ्तार कर सके और न ही किशोरी का कोई सुराग लगा सके।इससे नाराज परिजन सोमवार दोपहर 12 बजे भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रज्जन अवस्थी के नेतृत्व में 20 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंच गए और घेराव कर प्रदर्शन किया।मामला बढ़ता देख क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया मौके




पर पहुंचे और परिजनों को जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रज्जन अवस्थी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंपते हुए जल्द ही कार्रवाई की मांग की

# महिला सशक्तिकरण बैठक में महिलाओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।मिशन शक्ति फेज-2 के तहत प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में नैनीखेड़ा गांव में महिला सशक्तीकरण बैठक में महिलाओं को जागरूक कियापुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसिया के मजरा नैनीखेडा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में समाजसेवी नान्हा सिंह के नेतृत्व में सोमवार को महिला सशक्तिकरण के तहत बैठक आयोजित की गई। जहां प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने मौजूद महिलाओं को



महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 एवं 112 की जानकारी देते दी।इस दौरान उन्होंने कहा गर्मी के दिन शुरू हो गए है, आग लगने की घटनाओं पर विशेष गौर करना है और उससे कैसे बचाव करे एवं 101 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।चौकी इंचार्ज प्रेम प्रकाश दीक्षित ने महिलाओं को सुरक्षा, अधिकार और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया और कहा कि सभी हेल्पलाइन नंबर आपकी मदद के लिए पर किसी का दुरुपयोग न करने की अपील की।इस मौके पर का0 अनीस अहमद, प्रधान शिक्षिका अनीता देवी, प्रतिभा सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, संदीप कुमार शर्मा आदि समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# प्रतिभाशाली छात्रों के साथ साथ उनके अभिभावकों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में सम्पन्न हुई वार्षिक परीक्षाओं के रिपोर्ट कार्ड छात्रों को उत्साह भरे माहौल में शिक्षकों ने वितरित किऐकई स्कूलों में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी परीक्षाफल प्राप्त करते हुए देखा गय कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ में रिपोर्ट कार्ड वितरित करते हुए एक अनोखी पहल की गई जिसमें उत्तीर्ण हुए प्रतिभाशाली छात्रों के साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गय शिक्षक अमित तिवारी ने बताया मूल्यांकन कार्य समय से पूरा कर लिया गया थोआज सभी छात्रों को रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध करवा दिए गए हैं अभिभावकों को सम्मानित कर ग्रामीणों को संदेश देने का प्रयास किया गया कि सभी अपने बच्चों को नियमित पढ़ने को स्कूल भेजे विद्यालय में परीक्षाफल मिलते ही छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठेकिसी ने खुद की कामयाबी की चर्चा की तो कुछ ने अपनी चूक का जिक्र करते हुए आगे और मेहनत करने का संकल्प लियोइस दौरान अभिभावक भी मौजूद रहे और शिक्षकों से बच्चों के प्रदर्शन को लेकर बातचीत की कक्षा आठ की छात्रा कामिनी ने बताया कि पूरे साल मेहनत की है अब अच्छे अंक पाकर खुशी हो रही है छात्रा अंबिका ने बताया कि गणित और विज्ञान में सबसे ज्यादा अंक मिले हैं, अब अगली कक्षा में और मेहनत करुँगी विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां शुरू कर दी गई हैनए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत एक अप्रैल से होगी जिसमें शिक्षण के साथ साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देने का दावा किया गय उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद, प्राथमिक विद्यालय रूपपुर चंदेला ,इब्राहिमाबाद,रामपुर खैरी, दौलतयारपुर,खादिम अली खेड़ा आदि में भी परीक्षाफल वितरण किया गया।

## युवक ने महिला के साथ की छेड़छाड़ दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बिहार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रताड़ित कर छेड़छाड़ किये जाने की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसका पड़ोसी विनोद पिछले छःमहीने से आए दिन परेशान करता है।कुछ दिन पहले वह रात 11 बजे घर में घुस आया व गंदी हरकत करने लगा।जब विनोद के घर वालो से शिकायत किया तो उनके माता व पिता धमकाने लगे ।पुलिस ने महिला की तहरीर पर विनोद उनके पिता राम सहाय व माता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## गैस एजेंसी पर ताला लटकता देख उपभोक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचने पर ताला बंद मिला तो अनेक लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है एजेंसी संचालक द्वारा स्टॉक की अनुपलब्धता व साप्ताहिक अवकाश की बात बताई जा रही है। गैस समस्या से परेशान आमजन अब विरोध प्रदर्शन पर आमदा होता दिख रहा है कहा जा रहा है सोमवार को अनेकों लोग भिखारी पुर पतसिया स्थित गैस एजेंसी गए हुए थे जहां पर एजेंसी पर ताला लटका मिला तो वह लोग उग्र हो गए तथा विरोध प्रदर्शन करने लगे इसी दौरान किसी ने वीडियो भी बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही एजेन्सी संचालक अनूप कुमार ने कहा है कि सोमवार को साप्ताहिक अवकाश भी था तथा कर्मचारियों के कुछ काम थे जबकि स्टॉक की कमी भी थी फिर भी दोपहर करीब एजेंसी खोली गई तथा मौजूद 15 सिलेंडर वितरित भी किए गए है ।एजेंसी संचालक के अनुसार एक गाड़ी सिलेंडर मंगलवार को पहुंच जाएंगे जिन्हें वितरित कराया जाएगा।

# न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय परशुरामपुर में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है इसलिए बच्चो का प्रवेश सरकारी विद्यालय में कराए। सिंह ने सभी अभिभावकों से कहा कि विद्यालय संबंधी यदि कोई भी शिकायत है तो मुझे व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर सूचित करे ।प्रधान शिक्षक सुभाष यादव ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क पुस्तके , जूता मोजा, लाइब्रेरी, स्पोर्ट किट ,ड्रेस ,बैग की व्यवस्था की जा रही है ए आर पी राजकुमार द्विवेदी ने बच्चो को हर हाल में निपुण करने पर जोर दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सामाजिक बुराइयों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।निपुण छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुदीप सचान,महामंत्री दिनेश वर्मा,ग्राम प्रधान रामू कन्नौजिया व शिक्षक सुभाष यादव, अरुण कुमार दीपक वर्मा,प्रियंका वर्मा ,ऊषा पाल अमित कुमार, देवेन्द्र प्रताप सिंह,ठाकुर प्रसाद, तेज कुमार,निजाम अहमद, राजीव द्विवेदी, विबुधेश यादव , जयमंगल कुशवाहा, सहित अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय तेरवा में शिक्षा चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेवानिवृत हो रहे शिक्षक गंगाराम तिवारी को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर लखनऊ जिले के थाना बंथरा क्षेत्र के लोनहा गांव निवासी महेंद्र कुमार 26 वर्ष के खिलाफ 23 नम्बर 2025 को दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर विवेचक राम पाल, मृत्युंजय तथा दीवान दीपक कुमार ने सोमवार को आरोपी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि युवती के दुष्कर्म के मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज थी, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सम्पादकीय

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

**दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।**

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे जिंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें जिंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ जिंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हजारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? जिंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय



बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

संसाधन
बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्ध पर ले गया। युद्ध लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्ध के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बातचीत से सुलझाया जाए अमेरिका-ईरान युद्ध**

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- राजेंद्र ठाकुर, रायपुर

## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका स्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### आमजन को राहत




वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहा सरकार ने करों मे कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।



## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है।



## संक्षेप

### सांसद किशोरीलाल शर्मा की अध्यक्षता में दिशा बैठक

**अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की शिकायतें निपटाने के निर्देश**

अमेठी , विकास भवन में कांग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने समिति के समक्ष पिछली दिशा बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों और सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रस्तुत किया। समिति के सदस्यों ने इन कार्यवाहियों पर अपनी सहमति व्यक्त की। सांसद किशोरीलाल शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं और उनका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया ताकि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को सही दिशा दे सकें और उन्हें धरातल पर उतारकर पात्र लोगों को लाभान्वित कर सकें।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई

**सुल्तानपुर से रायबरेली जा रहा चालक गंभीर घायल, गाड़ी क्षतिग्रस्त**

अमेठी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 70.600 पर आज दोपहर हुई। सुल्तानपुर के कुड़वार निवासी धरनी धर सिंह (ग्राम पलही) अपनी हुंडई वरना कार (रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 32दख0854) से कुड़वार से रायबरेली जा रहे थे। किलोमीटर संख्या 70.600 पर अत्यधिक गति के कारण कार अनियंत्रित हो गई। गाड़ी बीच के डिवाइडर को तोड़ती हुई दाहिनी ओर से बाईं ओर पलट गई। चालक धरनी धर सिंह को गंभीर चोटें आईं। उन्हें गायत्री एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शुकुल बाजार भेजा गया।

# नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। सुपोषित उत्तर प्रदेश सशक्त भारत के उद्देश्य से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नवचयनित 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों /मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण तथा रू. 450 करोड़ की लागत से निर्मित 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पण/ शिलान्यास के उद्देश्य से लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया गया। आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व अन्य अतिथियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना हुजूरपुर, चित्तौरा व रिसिया हेतु नवनियुक्त 230 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा परियोजना क्षेत्र नगर की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतिकात्मक रूप से मोबाइल का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद बहराइच में 1376 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। पयागपुर व विशेश्वरगंज को छोड़कर शेष समस्त बाल विकास परियोजनाओं अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। समारोह को सम्बोधित करते पूर्व सांसद श्री गोंड ने सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सीख दी। श्री गौंड ने कहा कि आप लोगों पर बच्चों एवं महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार द्वारा माह अप्रैल से वेतन वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। शीघ्र ही सहायिकाओं एवं मुख्य सेविकाओं को मोबाइल फोन का वितरण भी किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ हुजूरपुर विमल कुमार सिंह ने किया।

# मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) का शुभारंभ

**छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा व सम्मान की ली शपथ**

अमन लेखनी समाचार/फैजान



बहराइच। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवरात्र के पावन अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) का शुभारंभ किसान पीजी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा उपायों तथा समाज में उनकी गरिमा बनाए रखने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने आसपास की महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि का विरोध करें। गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. तसनीम फातिमा जैद्री एवं भौतिक विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री गुंजन शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है और मिशन शक्ति इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के भेदभाव, हिंसा या उत्पीड़न को सहन नहीं करेंगे और उसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। साथ ही, समाज में जागरूकता फैलाने का भी वचन दिया। कार्यक्रम में बीए की छात्राओं शबनम, पायल वर्मा, महिनूर, महिमा मौर्य, दीपिका एवं आयशा सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अंत में सभी ने मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# रोजगार मेले में 29 महिलाओं ने

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, देवी पाटन क्षेत्र द्वारा आयोजित विशेष रोजगार मेला रूपईडीहा डिपो परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले में महिला अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य रहे। अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। रोजगार मेले में संविदा परिचालक (कंडक्टर) पद के लिए कुल 29 महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश ने बताया कि सभी आवेदनों की मेरिट सूची इसी सप्ताह तैयार कर गोंडा स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया सरकार की कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों को किलोमीटर आधारित पारिश्रमिक के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। अधिकारियों ने अधिक से अधिक महिलाओं से ऐसे आयोजनों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु हुई बैठक**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील नानपारा अन्तर्गत शासन के निर्देश पर 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान एसडीएम श्री जौहरी ने पंचायत विभाग व नगर निकाय को निर्देश दिया कि अभियान अवधि में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान संचालित कर नाली-नालों की साफ-सफाई के साथ-साथ सड़कों एवं नालह के आस-पास उगी झाड़ियों की कटाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि साफ-सफाई के अतिरिक्त एंटीलार्वा का छिड़काव कराने, हैंडपम्पों एवं उनके चबूतरों की मरम्मत, हाई रिस्क क्षेत्रों में फागिंग कराये तथा लोगों को स्वच्छता विशेषकर ग्राम स्तर पर आमजन को शौचालय का उपयोग करने हेतु जागरूक भी किया जाय। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समुदाय में घर-घर जाकर आमजन को दिमागी बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के बारे में जागरूक करें तथा लक्षण युक्त व्यक्तियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज के लिए ले जाये। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि छात्र-छात्राओं के माध्यम से रैली का आयोजन कर लोगों को साफ सफाई एवं संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जाय। करेंगे। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया कि आबादी के बाहर सुअरबाड़ा बनाकर जानवरों को रखने तथा बाड़ों की नियमित रूप से साफ-सफाई रखने तथा समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करवाने के लिए जागरूक किया जाय। इसी प्रकार कृषि सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को भी अभियान को सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस आवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा डॉ. चन्द्रभान, बलहा के डॉ. निखिल सिंह, चरदा के डॉ. महेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीजल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए, हाईवे पर ट्रकों से चुराते थे तेल**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, पुलिस ने हाईवे पर ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बंधुआकला थाना पुलिस टीम ने इन अभियुक्तों को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से एक देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर, एक अवैध पिस्टल, एक बड़ी प्लास्टिक की पिपिया और एक प्लास्टिक का पाइप बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में बंधुआकला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, गिरोह के सदस्य सहाबागंज हाईवे पुल के पास बेल्दरहिया-बंधुआकला मोड़ से गांव की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के बगल में बंद दुकानों के पास मौजूद थे। वे वहां डीजल चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम ने सहाबागंज हाईवे पुल के पास से बृजेन्द्र प्रताप उर्फ राज (पुत्र सियाराम, निवासी आरडीह, थाना कोतवाली देहात, सुल्तानपुर), अभय साहू (पुत्र प्रभुदयाल साहू, निवासी रामगंज, थाना रामगंज, अमेठी) और परवेश पाल (पुत्र रामभारत पाल, निवासी नरवहनपुर, थाना पीपरपुर, अमेठी) को गिरफ्तार किया।

# प्राइवेट बिजलीकर्मी से मारपीट का आरोप झूठा

## पुलिस जांच में दावा निकला गलत, गिरने से लगी थी चोट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , पुलिसकर्मियों पर एक प्राइवेट विद्युतकर्मी द्वारा लगाए गए थर्ड डिग्री के आरोप झूठे साबित हुए हैं। जांच में सामने आया कि विद्युतकर्मी के शरीर पर लगे चोट पुराने थे और गिरने की वजह से लगे थे। आरोप के बाद थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई, जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की घटना पूरी तरह से असत्य पाई गई। पुलिस जांच में विद्युतकर्मी का दावा निराधार निकला। दरअसल, पांच दिन पहले जामो थाना क्षेत्र के कंडा गौरा गांव में एक चलती विद्युत लाइन से ट्रांसफार्मर चोरी हो गया था। चोरों ने ट्रांसफार्मर से कीमती तार गायब कर दिया था और उसे टुकड़ों में छोड़कर फरार हो गए थे। विद्युत विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी। गोपनीय सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि अलीपुर गांव का खुसीराम नामक व्यक्ति प्राइवेट बिजली मैकेनिक का काम करता है और उसके शरीर पर चोटें भी हैं। इसी जानकारी पर जामो पुलिस ने उसे संदिग्ध मानते हुए पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जब उससे चोटों के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि ये चोटें उसे गिरने के कारण लगी हैं। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों की पूछताछ में भी उसने यही बात दोहराई। थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि खुशीराम द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन है। उसे केवल ट्रांसफार्मर से तार चोरी होने के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, उसके साथ कोई मारपीट नहीं की गई।

# 6 महीने बाद लौटी दुल्हन कैश-जेवर लेकर भागी

## अलीगढ़ में पति और सौतेले बच्चों को नशीला पदार्थ देकर किया बेहोश, फिर खाली किया लॉकर

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , थाना सासनी गेट क्षेत्र के पटेल नगर दुगार्पुरी में महिला अपने सौतेले बच्चों और पति को नशीला पदार्थ खिलाकर नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। बेहोशी से बाहर आने पर पीड़ित पति के होश उड़ गए। काफी तलाशने के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर पीड़ित ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पहली पत्नी की मौत के बाद हुई थी दूसरी शादी

पीड़ित बंटी ने बताया कि उनकी पहली पत्नी की लिवर की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। घर और बच्चों की देखभाल के लिए परिजन ने 9 मार्च 2025 को पला साहिबाबाद निवासी सिमरन के साथ मेरी दूसरी शादी करा दी।

### खाने में मिलाया नशा

पीड़ित का कहना है कि 21 मार्च की रात सिमरन ने खाने में बंटी और उसकी तीनों बेटियों को नशीला पदार्थ मिला कर खिला दिया। जब सभी गहरी नींद में सो गए। इस दौरान सिमरन ने घर में रखे सोने की तीन अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक सोने की जंजीर, चांदी की पायल और पीतल के सामान के सौदे के रखे 45,000 रुपए नकद लेकर फरार हो गई। सुबह जागने के बाद घटना की जानकारी हुई।

### पहले भी जा चुकी थी छोड़कर

बंटी ने बताया कि सिमरन पहले भी शादी के 6 महीने बाद बिना बताए घर से चली गई थी। करीब 6 महीने बाद उसकी बहन आरती उसे वापस लेकर आई और सिमरन ने पैर पकड़कर माफी मांगी। इसके बाद बंटी ने उसे दोबारा घर में रख लिया। बंटी का आरोप है कि ?यह पूरी साजिश सिमरन की बहन आरती के इशारे पर रची गई है।

### पहले भी कर चुकी है लोगों के साथ ठगी

बंटी का आरोप है कि जानकारी करने पर पता चला कि सिमरन पहले भी कई जगह झूठी शादी करके लोगों के साथ ठगी कर चुकी है। जब वह उसके मायके पहुंचे तो वहां भाई और अन्य सदस्य भी गायब मिले। उनका कहना है कि पूरा परिवार की इस षड्यंत्र में शामिल है।

### घटना की हो रही जांच

थाना प्रभारी सासनी गेट का कहना है कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। घटना मार्च की है, पीड़ित की शिकायत पर जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

**अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा, बोले- अंधेरे में रखकर विभाग ने लगाए स्मार्ट मीटर**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखकर स्मार्ट मीटर लगाने का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि लगाए गए स्मार्ट मीटर प्रीपेड हैं। उनके अनुसार, पुराने मीटरों की जमा की गई सिक्योरिटी राशि अभी तक खातों में नहीं आई है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि थोड़े से बकाया होने पर भी बिजली काट दी जा रही है। महानगर अध्यक्ष सलाहुद्दीन अख्तर ने ज्ञापन में बताया कि प्रीपेड मीटरों के कारण हजारों व्यापारियों और उपभोक्ताओं की बिजली कट रही है। विभाग के प्रीपेड मीटरों का सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है। ऐप में पेमेंट जमा करने के बाद भी अपडेट नहीं हो रही है। बिना किसी आधार वर्षों पुरानी रिकवरी भेजी जा रही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुरानी सिक्योरिटी राशि के समायोजन का विवरण उपभोक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को बिजली घरों पर लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जबकि अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिना किसी आधार के वर्षों पुरानी रिकवरी भेजी जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रीपेड मीटर लगाने के बाद अधिकांश उपभोक्ताओं के फोन नंबर अपडेट नहीं किए गए हैं। बड़ी संख्या में सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपडेट नहीं हैं, और कई उपभोक्ताओं के मोबाइल में ऐप डाउनलोड नहीं हो रहा है। व्यापारियों ने इटावा जिले की एक घटना का भी जिक्र किया, जहां एक चाय विक्रेता की स्मार्ट मीटर से 1.25 लाख रुपये का बिल आने के बाद कथित तौर पर हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

# दो साल से फरार नशा तस्कर गिरफ्तार

**2 हजार रुपए का इनाम था घोषित, अरनोद पुलिस ने पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , जिला पुलिस अधीक्षक बी.आदित्य के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत अरनोद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे 2000 रुपए के इनामी आरोपी अशरफ उर्फ लाला भाई को गिरफ्तार किया है। वो टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था। यह गिरफ्तारी 28 मार्च को हुई। आरोपी अशरफ उर्फ लाला भाई गिरफ्तार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा और पुलिस उप अधीक्षक चंद्रशेखर पालीवाल के मार्गदर्शन में थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी अशरफ उर्फ लाला भाई पुत्र सलीम खान मुसलमान, नौगावां, पुलिस थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ का निवासी है। यह मामला 30 जुलाई को अरनोद पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। उस समय पुलिस ने आरोपी श्यामलाल रांगोटा (29) निवासी चिकलाना, थाना कालुखेड़ा, जिला रतलाम (मध्य प्रदेश) के कब्जे से 470 ग्राम एमडीएमए और 20 ग्राम अवैध अफीम जब्त की थी। आरोपी पर 2 हजार का इनाम था घोषित जांच के दौरान एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसने बताया- जब्त की गई एमडीएमए और अवैध अफीम उसे अशरफ उर्फ लाला भाई ने दी थी। इसके बाद से ही पुलिस अशरफ की तलाश कर रही थी और प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी पर 2000 रुपए का इनाम घोषित किया था।

# धोली खड़ा गांव में लगी आग

## 2 बीघा गेहूं की फसल जली, किसान को करीब 1 लाख का नुकसान

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जिले के सुहागपुरा थाना क्षेत्र के पाडलिया ग्राम पंचायत के धोली खड़ा गांव में आग लगने से एक किसान की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में किसान को लगभग 1 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामचंद्र मीणा पुत्र धीरिया मीणा ने अपने खेत में करीब दो बीघा गेहूं की कटी हुई फसल का ढेर लगा रखा था। अचानक लगी आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरे फसल के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के मुताबिक, आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। मौके पर पटवारी, तहसीलदार और सुहागपुरा थाना पुलिस पहुंची। नगर परिषद की ओर से दमकल वाहन भी भेजे गए, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के खेतों को जलने से बचाया। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। अधिकारियों ने पीड़ित किसान को नियमानुसार सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में तुरंत राहत प्रदान की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर सहायता मिल सके।

## संक्षेप

### टटीरी में दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

**पड़ोसी पर अभद्रता और धमकी का आरोप, पुलिस में शिकायत**

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र के टटीरी में दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पीड़ित राजू ने अपने पड़ोसी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। राजू के अनुसार, वह अपने मकान की दीवार बनवा रहा था। तभी उसका पड़ोसी मौके पर आया और निर्माण रोकने को कहा। जब राजू ने विरोध किया, तो पड़ोसी ने कथित तौर पर अभद्रता की, गाली-गलौज की और उसे धमकाया। राजू ने बताया कि उसका पड़ोसी दबंग किस्म का है और पहले भी ऐसे विवाद कर चुका है। घटना के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया था, जिसके बाद आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। घटना के बाद राजू सीधे शहर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत दी। उसने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत से समाधान का प्रयास किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट पर शिक्षक ने आत्मदाह का प्रयास किया

**सुरक्षाकर्मियों ने छीनी तेल की बोतल, जांच में जुटे अधिकारी**

बागपत , कलेक्ट्रेट पर उस समय हड़कंप मच गया जब बर्खास्त शिक्षक मुकेश शर्मा ने आत्मदाह का प्रयास किया। उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया, लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उनके हाथ से तेल की बोतल छीन ली और स्थिति को संभाला। मुकेश शर्मा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना दे रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा है और उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण वे यह कदम उठाने को मजबूर हुए। अधिकारियों ने फिलहाल मामले की छानबीन शुरू कर दी है। यह घटना बागपत कलेक्ट्रेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन हुई। खेला गांव स्थित कॉलेज की शिक्षिका निधि शर्मा और शिक्षक मुकेश शर्मा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षिका निधि शर्मा ने बताया कि प्रिंसिपल द्वारा उनका उत्पीड़न किया गया है, लेकिन अभी तक प्रिंसिपल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद उसमें फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई है और चार्जशीट नहीं भेजी गई, जिससे प्रिंसिपल को बचाया जा रहा है।

### पेट्रोल पंपों पर लाइनें, गोंडा में धक्का-मुक्की

**बड़े -बड़े डिब्बे लेकर पहुंचे लोग; सरकार बोली- अफवाह फैलाई तो एक्शन लेंगे**

यूपी , पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते लगातार तीसरे दिन भी पेट्रोल पंपों पर लाइन लगी रही। शुक्रवार को लोग बड़े-बड़े डिब्बे और ड्रम लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे। भीड़ की वजह से लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। लखनऊ के कठौता चौराहे पर पेट्रोल-डीजल के लिए 500 मीटर लंबी लाइन लग गई। गोंडा के धानेपुर में एक पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए जमकर धक्का-मुक्की हुई।

# ट्रेक्टरों से भरा ट्रेलर असंतुलित होकर फ्लाईओवर से लटका

**गोकुल रेस्टोरेंट के निकट हुई दुर्घटना में चालक और उसका सहयोगी घायल**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा ।दिल्ली से आगरा की ओर जाता ट्रेलर असंतुलित होकर हाइवे स्थित माहेश्वरी फ्लाईओवर पर लटक गया, जिससे वाहनों की फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे लंबी कतार लग गई। ट्रेलर ट्रेक्टरों से भरा हुआ था। दोपहर तक संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस द्वारा रेली लगाकर इस मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। बताते हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसे अपनी क्रेनों से हटवाने को तैयार है, लेकिन ट्रेलर मालिक का कहना है कि वह अपने हाइड्रा से इसे हटवाएगा। उसके आने के बाद ही इसे हटवाया जा सकेगा, तब तक राष्ट्रीय राजमार्ग और पुलिस मौके पर निगरानी बरते हुए है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से आगरा की ओर जाता ट्रेलर आज सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित माहेश्वरी फ्लाईओवर पर असंतुलित होकर पहले डिवाइडर से टकराया और उसके बाद उसके आगे का हिस्सा फ्लाईओवर से नीचे लटक गया।इसके पीछे दर्जनों ट्रेक्टर लदे दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संभावित दुर्घटना को देखते हुए वाहनों का आवागमन बाधित कर दिया है और इस क्षेत्र में बेरीकेडिंग की गई है, जिससे हवा में झूलता ट्रेलर का अगला हिस्सा नीचे से गुजरते किसी वाहन पर गिरकर बड़ी दुर्घटना को अंजाम न दे सके। इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारी का कहना है कि ट्रेलर के पिछले हिस्से में रखे दर्जनों ट्रेक्टरों को उतारे बिना इसे क्रेन से नहीं खिंचवाया जा सकता, इससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन ट्रेलर संचालक का कहना है कि इस तरह की घटनाएं उसके सामने आए दिन आती हैं और वे स्वयं मौके पर पहुंच रहे हैं ।हाइड्रा से इसे हटवाकर यातायात सुचारू करवा दिया जाएगा। फिलहाल जब तक ट्रेलर स्वामी नहीं आता है तब तक यहां पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी निगरानी बरते हुए हैं, जिससे कोई नई दुर्घटना न हो। बताते हैं कि ट्रेलर चालक और उसका सहयोगी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों का उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में संपन्न हुआ विदाई समारोह

**वार्षिक परीक्षा फल प्रदान करते हुए शिक्षकों ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन**

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। जनपद के देवमई विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र की संस्तुति पर कक्षा वार सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल प्रदान किया गया प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहना उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं शिक्षकों द्वारा दी गई परीक्षा फल वितरित करने के साथ-साथ विद्यालय प्रांगण में कक्षा 5 के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम भी आयोजित किया गया विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत सभी बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई जहां विद्यालय छोड़ते हुए सभी बच्चे फफककर रो पड़े वही सभी शिक्षकों ने भी नाम आंखों से अपने द्वारा तैयार किए गए नौनिहाल पुष्पों को विदा किया सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए शिक्षिका कल्पना गौतम ने अपने शब्दों में कहा कि ₹ कुछ परिंदे जाएंगे तो कुछ परिंदे आएंगे,फिर यही नन्हे परिंदे विद्यालय को महकाएंगे₹ ेशिक्षिका कल्पना गौतम ने सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़े सब पढ़े की नीति को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा लोगों समेत गांव के सभी नागरिकों से अपील की कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है सभी नौनिहाल बच्चों का नामांकन समय रहते विद्यालय पर कराऐ जिससे सुचारू रूप से व्यवस्थित शिक्षा बच्चों को प्राप्त हो विदाई समारोह अंतर्गत विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम मृदुला तिवारी समेत सभी शिक्षक तथा अभिभावक गणों समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

# प्रशासन के हत्थे चढ़ा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कड़े दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए थाना बकेवर प्रभारी ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अपराध नियंत्रण हेतु वांछित अभियुक्त तथा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा था इसी अभियान के अंतर्गत थाने में पंजीकृत धारा 138 एन आई एक्ट से संबंधित एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया उप निरीक्षक कप्तान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वारंटी अभियुक्त पुनीत तिवारी पुत्र स्वर्गीय देशराज तिवारी निवासी आनंद विहार थाना नौबस्ता जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है इस मुहिम में थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षक संजय सिंह समेत अन्य पुलिस आरक्षी मौजूद रहे

# पवन एवं वरदान से गौरवान्वित हुआ अमौली कस्बा

**यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण कर अधिकारी बने दोनों युवा**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। प्रदेश में होने वाली यूपीएससी परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम आते ही जनपद के अनेक क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई जनपद के अनेक स्थानों में निवास करने वाले युवाओं ने फतह हासिल करते हुए अधिकारी पद प्राप्त किया ठीक इसी प्रकार जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के लिए कल एक ऐतिहासिक दिवस रहा जहां कस्बे के दो युवा यूपीएससी की परीक्षा में विजय हासिल करते हुए अधिकारी बने मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रमोद कुमार तिवारी के अनुज सुपुत्र पवन कुमार तिवारी ने यूपीएससी में 39वीं रैंक हासिल की वही कस्बे के ही निवासी गोविंद लाल गुप्ता के सुपुत्र वरदान गुप्ता ने भी यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए विजय हासिल की मिली जानकारी के अनुसार पवन कुमार तिवारी पूर्व काल में वायु सेवा में अधिकारी थे जहां सेवानिवृत होने के पश्चात यूपीएससी की परीक्षा दी तथा सफलता हासिल करते हुए सब रजिस्टार अधिकारी के पद पर चयन हुआ परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पवन तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा कस्बे में ही संचालित ज्ञान भारती शिक्षण संस्थान में हुई जिसकी सूचना मिलते ही माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने भी प्रसन्नता जाहिर करते हुए अपने छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं दी कस्बे निवासी वरदान गुप्ता ने विजय हासिल करते हुए खंड विकास अधिकारी का पद प्राप्त किया जिसकी सूचना मिलने पर माता-पिता तथा गुरुजनों समेत सभी शुभचिंतकों ने युवक को हार्दिक शुभकामनाएं दी कस्बे वासियों ने बताया कि यह दिवस कस्बे के लिए एक ऐतिहासिक दिवस होगा जहां एक ही दिवस में यूपीएससी के परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए दो युवक अधिकारी बने ग्रामीण शुभचिंतको एवं रिश्तेदारों ने माता-पिता परिजनों तथा गुरुजनों को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी

# भाई द्वारा प्रेमी की हत्या के बाद किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। नौहझील 27 रोज पहले नौहझील के सुहागपुर में बहन के प्रेमी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। बीती रात किशोरी ने अपने घर के कमरे में पंखे के कुंदे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।इससे पहले भी जब प्रेमी की हत्या हुई थी तो इस किशोरी ने फांसी लगाई थी, लेकिन उस समय उसे बचा लिया गया और तभी से आगरा के एसएन हॉस्पीटल में उसका इलाज चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार सुहागपुर में रहने वाले ज्ञानी की 14 वर्षीय बेटी कल्पना का शव आज उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला, तो पूरे परिवार और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बताया गया कि तीन मार्च को किशोरी के कथित प्रेम संबंधों को लेकर उसके भाई हर्ष उर्फ भोला ने पड़ौस में रहने वाले होली के दिन हुयी घटना के बाद किशोरी ने उठाया था यह कदम युवक अर्जुन की गोलीमारकर हत्या कर दी थी। उस दिन भी कल्पना ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया और उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे आगरा रैफर कर दिया गया। बताते हैं कि तभी से आगरा के एसएन हॉस्पीटल में उसका इलाज चल रहा था, कल शाम ही वह परिजनों के साथ अस्पताल से घर लौटी थी। आज सुबह जब परिवार के लोग पशुओं को चारा देने के लिए जागे और कमरे में जाकर देखा तो वह दंग रह गए। किशोरी का शव पंखे के कुंदे से झल रहा था। बताते हैं कि इस मामले में हत्यारोपी हर्ष उर्फ भोला को पुलिस ने दो रोज बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद कोई इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएँ व्याप्त हैं। इंस्पेक्टर नौहझील सोनू कुमार ने बताया कि घटना के दिन भी किशोरी ने फांसी लगाई थी और उसका इलाज चल रहा था कल शाम ही वह वापस घर लौटी थी इसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। परिजनों की ओर से इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर घटना की वास्तविकता की जानकारी हांसिल की जा रही है। इसमें कई एंगिल पर जांच की जाएगी, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके।

# यूपी पीसीएस में 48 वीं रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर बनी कृष्णांगी त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर त्रिपाठी की बेटी कृष्णांगी त्रिपाठी ने यूपीपीसीएस में 48 वीं रैंक हासिल कर सफलता पाई है ।कृष्णांगी त्रिपाठी प्रारंभ से ही परिश्रमी, मेधावी व लगनशील रही हैं। अपने कार्य के प्रति सजग रहीं। प्रारंभिक शिक्षा श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल, बिहार घाट में हुई ।9th से 12th तक की शिक्षा हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हुई। बीकॉम ऑनर्स GLA से किया। यूपीपीसीएस की तैयारी संकल्प संस्था दिल्ली में रहकर की तत्पश्चात नैट जेआरएफ क्वालीफाई किया। घर पर ऑनलाइन तैयारी करते हुए यूपीपीसीएस में आज यह असिस्टेंट कमिश्नर ( राज्य कर tax department ) में मुकाम हासिल किया है ।यह उसकी लग्न परिश्रम का ही परिणाम है अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक शिक्षिकाएं एवं माता-पिता को जाता है। उसकी सफलता पर परिवार के सभी सदस्यों ने सगे संबंधियों एवं इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

# पथराव के बाद फरह बाजार रहे बंद, 3 उपद्रवी हिरासत में

**फरह कल शाम रुपये के लेनदेन को लेकर हुए खूनी संघर्ष के बाद आज कस्बे में सन्नाटा**

**सन्नाटे के बीच पुलिस का सख्त पहरा**

**पसरा रहा। घटना के विरोध और सुरक्षा के चलते आज कस्बे का मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रहा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर परखम चौराहे के पास कल हुयी चाकूबाजी, पथराव और बोतलबाजी की घटना के बाद आज सुबह से ही व्यापारियों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। कस्बे के मुख्य बाजार और अंडरपास क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। कस्बे में हुए पथराव की घटना के बाद माहौल आज भी तनावपूर्ण बना हुआ है। घटना के विरोध में गौरक्षक दल के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बाजार में सन्नाटा पसर गया और अधिकतर दुकानें बंद रहीं। मीट, सब्जी, फल, सैलून व कबाड़ी की दुकानों पर खासा असर देखने को मिला। पुलिस ने भी स्थिति को नियंत्रित किया है। किसी भी अप्रिय घटना को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की गश्त लगातार बरकरार है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। थाना पुलिस का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। हमने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। बाजार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं।

### पुलिस की कार्रवाई: 3 गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

रविवार को हुई हिंसा के बाद पुलिस ने घटना के बाद से लेकर कल रात तक दबिश दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें इदु पुत्र अजीज, अरमान पुत्र अहसान और फैजान पुत्र सय्याद शामिल हैं। अन्य उपद्रवियों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। क्राइम इंस्पेक्टर यशपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं।

### क्या था मामला?

बता दें कि रविवार शाम महज 5000 रुपये की उधारी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया और हाईवे रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। चाकूबाजी में एक युवक के घायल होने के बाद उग्र भीड़ ने ईंट-पत्थरों और कांच की बोतलों से हमला कर दिया था, जिससे नेशनल हाईवे पर घंटों जाम और अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी, सीओ रिफाइनरी, थाना हाईवे, थाना रिफाइनरी से पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

# 4 दिन बाद मिला लापता युवक का शव

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे के सल्लयान मोहल्ले से लापता युवक का चार दिन बाद शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अमित खेती-बाड़ी का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह शाम अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान पुलिस के माध्यम से परिजनों को सूचना मिली कि ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला था, जिसे हादसे में मौत मानकर पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था। शनिवार को परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की पहचान अमित के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव परिजनों को सौंप दिया गया ।मृतक के परिजनों ने अमित की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शव पर चाकू के निशान मिले हैं। परिजनों ने पुलिस पर मामले को हादसा बताने का आरोप लगाते हुए गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एशिया के सबसे बड़े नोएडा एयरपोर्ट की जानिए खासियत

**20 मिनट से कम टाइम में बोर्डिंग, 30 सेकंड में चेक-इन की सुविधा**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) भारत के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में से एक है। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लगभग 11,200 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार किया गया है ।ये एयरपोर्ट ठउफ को दुनिया के प्रमुख एविएशन हब में बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। शुरूआत में देश के 45 शहरों के लिए करीब 65 कॉमर्शियल फ्लाइटें शुरू होंगी। एयरपोर्ट से सितंबर में इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होनी हैंङ्ख एयरपोर्ट से अभी तीन एयरलाइंस इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा का करार हुआ है। पीएम मोदी ने 25 नवंबर 2021 में किया था शिलान्यास एयरपोर्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2021 में किया था। स्विस कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल को इस एयरपोर्ट का बनाने का टेंडर मिला था। नोएडा एयरपोर्ट के पहले फेज के तहत 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट के फर्स्ट फेज की लागत करीब 11 हजार करोड़ है ।सभी 4 फेज का काम पूरा हो जाने के बाद ये एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का छठा बड़ा एयरपोर्ट होगा ।अब एयरपोर्ट के बारे में जान लीजिएकरीब 1334 हेक्टेयर में फैला यह एयरपोर्ट एरिया के हिसाब से देश का चौथा बड़ा एयरपोर्ट होगा। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि एंट्री के बाद 20 मिनट से कम में बोर्डिंग संभव है। सुरक्षा जांच के बाद करीब 60 मीटर का कॉरिडोर पार करना होगा। ऐसे में एंट्री से बोर्डिंग गेट तक 20 मिनट में पहुंच सकते हैं।

# ग्रेटर नोएडा में मुर्गा फार्म मालिक की हत्या

**जातिसूचक गाली से नाराज नौकर ने सोते समय मौत के घाट उतारा, हत्यारा गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र के खटाना गांव में एक मुर्गा फार्म मालिक की हत्या कर दी गई। आरोप है कि उसके ही यहां काम करने वाले नौकर ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया, जिसके मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 39 वर्षीय प्रशांत उर्फ चीची के रूप में हुई है, जो खटाना गांव के पूर्व प्रधान जयवीर सिंह के बेटे थे। प्रशांत गांव के बाहर एक मुर्गा फार्म चलाते थे। जांच में सामने आया है कि प्रशांत पिछले कुछ दिनों से अपने यहां काम करने वाले मजदूर सुख को कथित तौर पर जातिसूचक गालियां देकर अपमानित कर रहे थे। इसी बात से नाराज होकर आरोपी सुख ने देर रात अपने मालिक को सोते समय मौत के घाट उतार दिया। प्रशांत रोज की तरह अपने मुर्गा फार्म पर बने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी सुख कमरे में घुस गया और उसने पहले चाकू से प्रशांत की गर्दन पर वार किया। इसके बाद उसने लोहे के पाइप से उनके सिर पर हमला कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने कमरे के बाहर से कुंडी लगा दी और वहां से फरार हो गया। शनिवार सुबह जब दूसरा नौकर कमरे की ओर गया तो दरवाजा बाहर से बंद देखकर उसे शक हुआ। उसने कुंडी खोली और अंदर पहुंचा तो देखा कि प्रशांत का शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया ।परिजनों और आसपास के लोगों ने तुरंत नारेबाजी करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

# कायस्थ विकास परिषद की प्रेस वार्ता, 1 अप्रैल को निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

**कायस्थ ब्रह्मकुल है, जाति नहीं — राजीव सिन्हा**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर ।गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में कायस्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्य राजीव सिन्हा ने कहा कि आगामी 1 अप्रैल 2026 (बुधवार) को शाम 6 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त समस्त सृष्टि के न्याय के देवता हैं और उन्हें किसी एक जाति तक सीमित करना उचित नहीं है। ह्लकायस्थ कोई जाति नहीं, बल्कि ब्रह्मकुल है। ईश्वर सभी के होते हैं,ह्व इस संदेश को समाज में प्रसारित करने का कार्य परिषद पिछले कई दशकों से कर रही है। उन्होंने कहा कि कलम को आत्मसात करने वाला हर व्यक्ति भगवान चित्रगुप्त का वंशज है। राजीव सिन्हा ने आगे कहा कि चैत्र पूर्णिमा के दिन भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव हुआ, इसी कारण नववर्ष का शुभारंभ भी इसी कालखंड में माना जाता है। उन्होंने भगवान चित्रगुप्त को न्याय के साथ-साथ धन के देवता भी बताया और ह्लहर घर चित्रगुप्त, हर घर कलम-दवातह्व का संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रत्येक न्यायालय में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित किए जाने के लिए परिषद संकल्पित है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि शोभायात्रा परिषद के केंद्रीय कार्यालय (होटल बाबीना के सामने, नियामतचक) से प्रारंभ होकर तरंग चौक, आर्य नगर, हजारीपुर, जटाशंकर होते हुए पुनः केंद्रीय कार्यालय पर समाप्त होगी, जहां आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिप्तिमान श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, जिला सचिव दिनेश श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# सोलर प्लांट कंपनी और किसानों के बीच हुआ संवाद



**अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव**

गरौठा। तहसील के ग्राम निपान में 160 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट को लेकर अन्तक रियल्टर्स कंपनी के अधिकारियों और किसानों के बीच संवाद हुआ। कंपनी के प्रेसीडेंट आनंद सिंह ने बताया कि जमीन किसानों की सहमति से 29 वर्ष 11 माह के लिए ली जाएगी, जिसमें सिंचित भूमि पर 40 हजार व असिंचित भूमि पर 25 हजार रुपये प्रति एकड़ वार्षिक दिया जाएगा। वाइस प्रेसीडेंट अनुराग तिवारी ने किसानों की शंकाओं का समाधान किया और कहा कि किसान संतुष्टि के बाद ही कार्य आगे बढ़ेगा। लीगल एडवोकेट सुधीर कुमार मोदी ने बताया कि निपान, रमपुरा, टोला व गरौठा खास की करीब 600 एकड़ जमीन चिन्हित की जाएगी। इस दौरान मैनेजर हिमांशु पांडे, अनिकेत सिंह, संतोष जाटव, शिवम्‌ द्विवेदी, हिमेश तिवारी, राघवेंद्र दुबे, पिंकु महाराज, प्रेमनारायण मोदी, सुखदेव व्यास (पत्रकार), संजय परमार (प्रधान), ज्वालाप्रसाद, जगदीश, अशोक, लल्लू, धूमपाल, प्रदीप, सुरेंद्र पाल, एड. संजय रिछारिया, रमेशचंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गुरसराय में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसराय। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म एवं तप कल्याणक के पावन अवसर पर गुरसराय नगर में महावीर जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रातःकाल से ही श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर में एकत्रित हुए, जहां भगवान महावीर को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांति धारा एवं विधि-विधान से पूजन किया गया। सुबह लगभग 9 बजे भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीजी को सुसज्जित विमान में विराजमान कर नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए यात्रा निकली। श्रद्धालु जयकारों के साथ नाचते-झूमते आगे बढ़े। नगरवासियों ने अपने घरों के द्वार पर रंगोली सजाई, तोरण द्वार बनाकर श्रद्धापूर्वक आरती उतारी। शोभायात्रा नसिया जी होते हुए बुराई बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंची, जहां सौधर्म, ईशान, माहेंद्र एवं सनत कुमार इंद्र के रूप में सुसज्जित श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया। महिलाओं एवं बच्चों ने डीजे की धुन पर भक्ति नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे नगर में जैन समाज के साथ अन्य लोगों में भी खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के उपरांत समस्त दिगंबर जैन समाज द्वारा साधर्मी वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष निहिल सिंघई के मनोनयन पर समाज द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद जैन, निहील सिंधई, शिखर जैन, रवि जैन, उपेंद्र जैन, राजकुमार जैन, सुनील सिंधई, सनत जैन, दीपक जैन, समीर जैन, अभय जैन, अजय जैन, अशोक जैन, उदय जैन, सुरेंद्र जैन, आलोक जैन, नितिन, शुभम, अमित, कुलदीप, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

## खास समाचार

### रूबी कनौजिया ने गांव का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार



माधौगंज, हरदोई, लेखपल के पद पर कार्यरत लड़की ने यूपी पीसीएस परीक्षा पास कर गांव व परिवार का मान बढ़ाया। माता पिता व परिवार के लोग उसकी कामयाबी पर गौरांवित महसूस कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के गांव रुदामऊ निवासी दूधनाथ कनौजिया की पुत्री रूबी कनौजिया ने यूपी पीसीएस की परीक्षा को पास होने की खबर गांव व ईष्ट मित्रो को मिली तो लोगो ने बधाई दी। पिता दूधनाथ कनौजिया ने बताया कि रूबी ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई नगर के फूलमती माँ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से की। उसके बाद स्नातक शिक्षा हरदोई से की वर्ष 2024 में लेखपाल के पद पर चयन हो गया। वह इस समय सदर तहसील में लेखपाल है। दूसरी बार में उसे सफलता मिली। पिता दूधनाथ किसान है। माता गृहणी है दो बहन रानी व लक्ष्मी की शादी हो चुकी है। भाई विनीत कुमार मंडी में व्यवसाय करता है। ग्राम प्रधान अनुज कुमार, कृष्ण कुमार तिवारी सोनू आदि लोगो ने खुशी व्यक्त कर प्रसन्नता जताई।

### फीस के नाम पर लूट का खेल! समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने निजी स्कूलों पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा कॉपी, किताब और स्कूल ड्रेस के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कई निजी विद्यालय अभिभावकों को विशेष दुकानों से ही पुस्तकें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं, जहां बाजार से कई गुना अधिक कीमत वसूली जा रही है। इतना ही नहीं, इस पूरे खेल में कमीशनखोरी की भी आशंका जताई गई है, जिससे यह मामला एक संगठित आर्थिक शोषण का रूप लेता दिख रहा है। समाजसेवी ने यह भी बताया कि ह्लअनिवार्य किटह्व, ह्लएडिशनल एक्टिविटी चार्जह्व और ह्लड्रेस अपडेटह्व जैसे नामों पर भी अभिभावकों से अतिरिक्त धन वसूला जा रहा है, जिसका कोई स्पष्ट औचित्य नहीं है। इससे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, और कई अभिभावक बच्चों की पढ़ाई छुड़ाने तक को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि सभी निजी विद्यालयों की फीस संरचना की जांच कराई जाए, मनमानी पर रोक लगे और दोषी विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही अभिभावकों के लिए प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की भी मांग की गई है।

### ट्रक और कार टक्कर में एक की मौत, महिला व मासूम बच्ची गंभीर घायल

**अमन लेखनी समाचार**

चोपन/सोनभद्र। चोपन- रेणुकूट मार्ग पर गुरमुरा के पास रबीवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रेलर ट्रक और कार की आमने- सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से अब्रीकापुर जा रही कार में तीन लोग सवार थे। गुरमुरा के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग कार मे फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए दो घायलों को बाहर निकालकर चोपन सीएचसी भेजा, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# यूपी पीसीएस में पुरबावां के बेटी दीप्ती वर्मा ने पाया 6 वां स्थान

**अमन लेखनी समाचार**

मल्लावां (हरदोई) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मल्लावां की बेटी दीप्ति वर्मा ने छठवीं रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। उसकी इस कामयाबी से परिजनों और रिस्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र के गांव पुरबावा निवासी दीप्ति वर्मा पुत्री देवेंद्र सिंह ने यूपीपीएससी की परीक्षा मे सामान्य वर्ग में 6 वीं रैंक पाकर गांव से लेकर जिले का नाम रोशन किया। दीप्ति वर्मा की प्रारंभिक शिक्षा 1 से 12 तक सेंट फिडलिस इंटर कॉलेज लखनऊ से हुई। हाई स्कूल सन 2011 में तो इंटरमीडिएट 2013 में किया। बीएससी लखनऊ विश्वविद्यालय से 2016 और फिर 2021 में एम ए किया। दीप्ति ने बताया कि शुरू से ही उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाने का था। उस पर माता पिता का साथ मिला तो और हौसला बढ़ गया। शुरू में तो वह तीन बार से यूपीएससी का एग्जाम दिया पर सफलता नहीं मिल सकी। पिता देवेंद्र सिंह एलआईसी में काम करते है तो माता ग्रहणी है। जो अब लखनऊ में रह रहे है। बड़े भाई सुमित सिंह इंजीनियर है। गांव की बिटिया की सफलता पर प्रधान प्रतिनिधि विशाल वर्मा लल्लू ने खुशी का इजहार कर कहा कि आज गांव का नाम रोशन हो गया । ह्लमिशन शक्ति अभियान फेज-5.0ह्व के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बघौली पुलिस की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सक्रिय कार्रवाई की गई। अभियान के तहत टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान मु0अ0सं0 107/26 धारा 296 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में संलिप्त दो अभियुक्तों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों पर सख्ती से रोक लगाना है। एंटी रोमियो टीम द्वारा लगातार सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, बाजारों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में गशत कर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है, जिससे महिलाओं में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ हो सके। थाना बघौली पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या महिला उत्पीड़न की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# जनपद चित्रकूट में हर घर में रोज जलते हैं तीन दीपक: गौरव दिवस पर, 22 लाख दीपदान पर उठाए सवाल

**पूर्व सांसद को अपने गृह जनपद में होना चाहिए विश्वास**

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट। धर्मनगरी चित्रकूट में इन दिनों आस्था के साथ आक्रोश का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। चर्चित दीपदान आयोजन में 22 लाख दीप जलाए जाने के दावे पर अब सवाल उठने लगे हैं। इसी क्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने एक अनोखा कदम उठाते हुए भगवान कामतानाथ स्वामी को पत्र लिखकर अपनी गहरी पीड़ा व्यक्त की है। पूर्व सांसद ने अपने पत्र में दीपदान के आंकड़ों को भ्रामक और फर्जी बताते हुए इस पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिखा कि चित्रकूट जैसी पवित्र तपोभूमि की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार की संख्या की बाजीगरी न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, बल्कि धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। भैरों प्रसाद मिश्रा ने पत्र को श्रद्धा के साथ कामतानाथ स्वामी के चरणों में समर्पित करते हुए न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रभु के दरबार में सबका हिसाब होता है और जो भी इस प्रकार के कृत्यों में शामिल हैं, उन्हें उनके कर्मों का उचित दंड अवश्य मिलेगा। इस घटनाक्रम ने स्थानीय स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। श्रद्धालु और सामाजिक लोग अब दीपदान के वास्तविक आंकड़ों और आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल उठाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों में दिखावे और आंकड़ों की होड़ से बचते हुए सच्ची आस्था और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एक तरफ डीएम चित्रकूट को बेवजह खींचा जा रहा है पूर्व सांसद भैरव मिश्रा को यह सोचना चाहिए कि गौरव दिवस और रामनवमी में एक दिन है और जनपद में मिलकर के 22 लाख से ज्यादा दिए जल गए और उनको अपने ग्रह जनपद के घरों के दीपों का पता ही नहीं। 8 दिन पहले कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी मुखिया के साथ बैठक की गई थी कि गौरव दिवस पर 22 लाख दीपक चलेंगे तो पूरे चित्रकूट की बात है ना कि कामतानाथ परिसर की। लगता है कि पूर्व सांसद ने यह मामला उठाया है अपने राजनीतिक आकर्षण के लिए।

# हाईवे रोड निर्माण में बिना भुगतान के सैकड़ों किसानों की भूमि जब्त

**शाहजहांपुर हाईवे मार्ग सैदपुर पुल पर क्षेत्रीय किसानों का जमकर हंगामा**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद(हरदोई)।एनएचआई 731 हरदोई शाहजहांपुर हाईवे रोड निर्माण हेतु अधिग्रहित की जा रही जमीन को लेकर टॉडरपुर क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली है, जहां तमाम दुखी किसानों ने मुआवजे और जमीन माप में अनियमितता का आरोप लगाते हुए, सैदपुर पुल पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जहां तमाम किसानों ने जिलाधिकारी हरदोई को शिकायती पत्र के माध्यम से हाईवे रोड निर्माण में ली गई भूमि का मुआवजा हेतु मांग की है जहाँ बादशाह पुत्र जयसिंह गाटा संख्या 282, रामप्रताप पुत्र भैया लाल 284, महेश कुमार पुत्र बलवंत 287, रामसेवक पुत्र प्यारेलाल 288, रमेश कुमार पुत्र बलवंत 309, रमेश कुमार पुत्र बलवंत 309, राम रानी पत्नी सुरेशचंद्र 309, सुनीता पत्नी बृजपाल 309, विमलेश पुत्र रामस्वरूप 330, बाबूराम पुत्र शंकर सिंह 333, राजेंद्र सिंह पुत्र रामपाल 342, हरिहर पुत्र मधुरा 343, रामनिवास पुत्र राजाराम 345, गुरदयाल पुत्र मोहकम 331, राकेश पुत्र प्यारेलाल 288, प्रतिभा पत्नी नरेंद्र सिंह 503, विक्रांत पुत्र गजेंद्र सिंह 503 अनिल पुत्र शिवसागर 277, राजकुमार पुत्र जयवीर 501 अन्य सैकड़ों किसानों ने आरोप लगाया है कि बिना संतोषजनक जानकारी वा बिना भुगतान के भूमि जप्त की गई है जिससे आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। जबकि राजस्व विभाग में रोड की चौड़ाई 32 मी० नक्शे में दर्ज है, तथा मौके पर 38 मी० रोड तथा नाला बना रहे हैं, जो कि कैनाल विभाग की ड्रेन पाटकर पानी बंद कर सैकड़ो बीघा की भूमि पर जल भराव तथा फसल क्षतिग्रस्त हो चुकीं है। जबकि किसानों की आस थी, कि रोड बनने के बाद नाला बनेगा, लेकिन ड्रेन बंद करके पाट दिया गया है। द्ब हरदोई से शाहजहांपुर की ओर रोड के बाएं तरफ के किसानों को मुआवजा मिल गया है, जबकि दाएं तरफ के किसान मुआवजे से वंचित हैं। जिसके कारण क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। इस हंगामे के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। अन्यथा हाईवे मार्ग पर धरना प्रदर्शन बंद नहीं किया जायेगा यातायात पूरी तरह प्रभावित होगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# सेमफोर्ड स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, मेधावियों का हुआ सम्मान

**अमन लेखनी समाचार**




मिजार्पुर। विंध्य की पावन धरा पर स्थित सेमफोर्ड स्कूल, नटवा और बसही में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञान से गौरव तक की प्रेरणा पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनके परिश्रम का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और आराध्य देव स्तुति की सुमधुर प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का बैज, स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती श्वेता मेहरोत्रा खत्री और प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रगति यात्रा को डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से दशार्या गया, जिसमें बीते वर्षों की उपलब्धियों और यादों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने विद्यालय की निरंतर प्रगति और अनुशासन की झलक दिखाई। समारोह का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण रहा, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति, अनुशासन, शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलकूद, रचनात्मकता, वक्तृत्व, कला एवं शिल्प समेत कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रति सहयोग और सक्रिय भूमिका निभाने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक विवेक बरनवाल ने विद्यार्थियों को निष्ठा और ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जबकि प्रबंधिका शिप्रा बरनवाल ने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार जताया। विशिष्ट अतिथि सुमित कुमार ने आत्मविश्वास और निरंतर सीखने को सफलता की कुंजी बताया। मुख्य अतिथि अनुभव कुमार ने विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दर्दनाक हादसा या साजिश? चुनावी रंजिश में मासूम की मौत से गांव में सनसनी

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसराय। थाना क्षेत्र के ग्राम अड़जरा में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। घर के बाहर खेल रहे दो वर्षीय मासूम को ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना को चुनावी रंजिश से जोड़ते हुए हत्या का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान विनोद पटेल का दो वर्षीय पुत्र मयंक पटेल रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव के एक ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मासूम को तत्काल उपचार के लिए झांसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के पिता विनोद पटेल ने सोमवार को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि यह महज हादसा नहीं, बल्कि चुनावी रंजिश के चलते सुनियोजित साजिश के तहत की गई वारदात है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि विनोद पटेल के घर करीब 20 वर्षों के लंबे इंतजार और मन्नतों के बाद जुड़वा संतान—एक बेटा और एक बेटी—का जन्म हुआ था। मृतक मयंक उनका इकलौता बेटा था। इस घटना ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि घटना के बाद रविवार को मासूम के शव को दफना दिया गया था। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार की मौजूदगी में शव को दोबारा कब्र से निकलवाया गया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हर पहलू से गहनता से पड़ताल की जा रही है।

# गुढ़ा व खेरी मौजा में भीषण आग, किसानों की खड़ी फसलें जलकर राख

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। गरौठा तहसील क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा एवं खेरी मौजा में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से खेतों में भीषण आग लग गई। इस आग में किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस खेत में आग लगी, वहां हार्वेस्टर से कटाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और तेज हवा के चलते देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही समय में आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वही ग्राम गुढ़ा में भी अलग स्थान पर आग लगने की सूचना पर ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सरिता मिश्रा व प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार व नायब तहसीलदार राधा पालीवाल ने मौके पर पहुंचकर फसल में हुए नुकसान का मौका मुआयना किया। फिलहाल प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच एवं किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने में जुटा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# एसडीएम सदर ने खेत में काटी गेहूं की फसल, किसानों को जल्द कटाई का दिया संदेश

**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर सदर एसडीएम गुलाब चन्द्र ने क्षेत्र के ग्राम सिरसी गहरवार में पहुंचकर गेहूं की पकी फसल की कटाई कर किसानों को समय रहते फसल कटाई का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने फसल की उत्पादकता का भी परीक्षण किया और किसानों से सीधा संवाद कर आवश्यक सुझाव दिए। रविवार को एसडीएम सदर के खेत में पहुंचकर स्वयं गेहूं की फसल काटने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान मौके पर एकत्र हो गए। अधिकारियों को अपने बीच पाकर किसानों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं साझा कीं। एसडीएम गुलाब चन्द्र ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए गेहूं की फसल की कटाई जल्द से जल्द कर लें, ताकि किसी प्रकार की क्षति से बचा जा सके। उन्होंने खेत में खड़ी फसल का निरीक्षण करते हुए उसकी गुणवत्ता और उत्पादकता का आकलन भी किया। साथ ही किसानों को बेहतर कृषि प्रबंधन और समयबद्ध कटाई के महत्व के बारे में जागरूक किया। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों की उपज सुरक्षित रहे और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिल सके। इसके लिए आवश्यक है कि किसान समय से कटाई कर भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. – 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

